उत्तर प्रदेश सरकार

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

# उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

### अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (डीवी/पीएसटी) हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने विषयक

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– जुलाई 03, 2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के अन्तर्गत 41,424 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत दिनांक 25, 26 तथा 27 अप्रैल, 2026 को सम्पन्न हुई लिखित परीक्षा का परिणाम समांक विज्ञप्ति दिनांकित 28–06–2026 द्वारा प्रकाशित करते हुए लिखित परीक्षा के प्रसामान्यीकृत अंकों में अधिमानी अर्हता के अंकों को जोड़ते हुये सफल अभ्यर्थियों में से अंको की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0 राज्य के आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर जनपदवार/श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष लगभग **2.6** गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु आहूत किया गया है।

2– उक्त सम्बन्ध में अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) की कार्यवाही निम्नलिखित तिथियों को प्रदेश के समस्त जनपदों में स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स में कराया जाना प्रस्तावित हैः–

| **विवरण** | **निर्धारित तिथि** |
|---|---|
| अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) | दिनांक 13.07.2026 से दिनांक 06.08.2026 तक |
| अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) के रिजर्व–डे हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक 07.08.2026 |

3– उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) का प्रवेश पत्र दिनांक 06.07.2026 को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर अपलोड किया जायेगा, जिन्हे अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित सम्बन्धित मूल अभिलेखों तथा मूल अभिलेखों की एक स्वः प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर गहत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह

भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेंगी।

**(सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज)**
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।